पाठ 2

# वर्ण और वर्णमाला

## (Letters and Alphabet)

हम कुछ बोलते हैं तो हमारे मुख (मुँह) से कुछ ध्वनियाँ निकलती हैं। इन ध्वनियों का कुछ मतलब होता है और जब ये ध्वनियाँ बोली या लिखी जाती हैं। तो **वर्ण** कहलाती है। वर्ण भाषा की सबसे छोटी ईकाई है।

जैसे–कमल शब्द की ध्वनि है

क्+अ+म्+अ+ल्+अ



कमल

रमन शब्द की ध्वनि है

र्+अ+म्+अ+न्+अ



रमन

इन ध्वनियों को हम और छोटा नहीं कर सकते हैं, इन्हें हम वर्ण या अक्षर कहते हैं।

**वर्ण–** **वर्ण** भाषा की सबसे छोटी ईकाई होती है।

**वर्णमाला–** वर्णों के एक निश्चित क्रम को **वर्णमाला** कहते हैं।

वर्ण दो प्रकार के होते हैं–

1. स्वर 2. व्यंजन

**स्वर–** हिंदी में ग्यारह (11) स्वर माने जाते हैं।

अ आ इ ई उ ऊ ऋ ए ऐ ओ औ

**व्यंजन–** हिंदी में तैतीस व्यंजन माने जाते हैं–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | ङ |
| च | छ | ज | झ | ञ |
| ट | ठ | ड | ढ | ण |
| त | थ | द | ध | न |
| प | फ | ब | भ | म |
| य | र | ल | व | |
| श | ष | स | ह | |

इसके अलावा भी हिंदी भाषा में कुछ वर्ण संयुक्त व्यंजन होते हैं।

**संयुक्त व्यंजन–** क्ष, त्र, ज्ञ, श्र ये चार संयुक्त व्यंजन कहलाते हैं।

**अयोगवाह–** अं, अः ये अयोगवाह कहलाते हैं।



**हमने सीखा–**

- वर्ण भाषा की सबसे छोटी ईकाई होती है।
- वर्ण दो प्रकार के होते हैं, स्वर और व्यंजन।
- वर्णों के टुकड़े नहीं किए जा सकते हैं।
- वर्णों के निश्चित क्रम को वर्णमाला कहते हैं।

# अभ्यास कार्य

**1. सही शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए–**

(क) भाषा की सबसे छोटी इकाई ...................... होती है।

(*i*) स्वर ☐ (*ii*) वर्ण ☐ (*iii*) व्यंजन ☐

(ख) वर्णों के निश्चित क्रम को ...................... कहते हैं।

(*i*) ध्वनि ☐ (*ii*) व्यंजन ☐ (*iii*) वर्णमाला ☐

(ग) क्ष, त्र, ज्ञ, श्र ये सब ...................... व्यंजन हैं।

(*i*) संयुक्त ☐ (*ii*) स्वर ☐ (*iii*) वर्णमाला ☐

(घ) हिंदी में ...................... स्वर होते हैं।

(*i*) 15 ☐ (*ii*) 11 ☐ (*iii*) 13 ☐

(ङ) हमारे मुँह से बोलते समय कुछ ...................... निकलती हैं।

(*i*) ध्वनियाँ ☐ (*ii*) चाल ☐ (*iii*) आकृति ☐

2. खाली स्थानों पर व्यंजन भरिए–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | ....... | ....... | घ | ङ |
| च | छ | ....... | झ | ....... |
| ....... | ठ | ड | ....... | ण |
| त | थ | द | ....... | ....... |
| प | ....... | ब | भ | ....... |
| य | ....... | ....... | व | |
| श | ष | ....... | ह | |




3. व्यंजन से शुरू होने वाले शब्दों पर गोला लगाइए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| खरगोश | अनार | जहाज | हल |
| इमली | आम | धनुष | फल |
| ऐनक | सफल | ओखली | |





4. नीचे दिए गए चित्रों को पहचान कर पहला अक्षर स्वर व व्यंजन लिखिए–



……तरी ……रत ……मल ……रीफा



……मली ……पीता ……लू ……षि


5. दिए गए संयुक्त व्यंजनों से शब्दों को पूरा कीजिए–

क्ष त्र ज्ञ श्र



……नी ……मिक

……शूल ……मा



6. सही जगह पर ं या ँ लगाकर सही लिखिए–

जैसे– गगा ……गंगा…… जैसे– चाद ……चाँद……

चचल …………… साप ……………

कचन …………… आसू ……………

अडा …………… गाव ……………

गदा …………… पाव ……………

मूल्यांकन–★ ★★ ★★★ शिक्षक/शिक्षिका ह०